# हरियाणा विधान सभा

## सोमवार, 21 मार्च, 2022

## को होने वाली हरियाणा विधान सभा की बैठक में पूछे जाने वाले

## तारांकित प्रश्न

### खाद्य वस्तुओं में मिलावट रोकना

***1519. श्री रामकुमार गौतम, एम.एल.ए.:–** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सख्त कानून बनाकर राज्य में खाद्य वस्तुओं में मिलावट को रोकने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

..................

### कम्प्यूटर शिक्षकों का अनुबंध बढ़ाना

*1642. **श्री राम निवास, एम. एल. ए.:** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या 31 मार्च, 2022 के पश्चात् राजकीय विद्यालयों में अनुबंध के आधार पर नियुक्त लगभग 2200 कम्प्यूटर शिक्षकों का अनुबंध बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक क्रियान्वित किए जाने की संभावना है?

.....................................

## हरियाणा लोक सेवा आयोग तथा हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापनों का ब्यौरा

*1766. **श्री जगबीर सिंह मलिक, एम. एल. ए.:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) जून, 2015 से आज तक हरियाणा लोक सेवा आयोग तथा हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा भर्ती के लिए किये गए उन विज्ञापनों का ब्यौरा क्या है जिनका सीधा साक्षात्कार लिया गया तथा जिनकी लिखित परीक्षा ली गई थी; तथा

(ख) उपरोक्त विज्ञापनों में से उन विज्ञापनों की संख्या कितनी है, जिनमें पेपर लीक अथवा धोखाधड़ी जैसी अनियमितताएं हुई तथा उन विज्ञापनों की संख्या कितनी है जो साक्षात्कार लेने के पश्चात भी वापिस ले लिए गए थे तथा जून, 2015 से अब तक रद्द किए गए पेपरों की संख्या कितनी है ?

....................................

## खेल महाविद्यालय खोलना

*1495. **श्री शमशेर सिंह गोगी, एम. एल. ए.:** क्या खेल एवं युवा मामले राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या असंध विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में खेल महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

....................................

## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलना

*1803. **श्री सुभाष गांगोली, एम. एल. ए.** :– क्या क्या कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या सफीदों विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव गांगोली में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा इसके कब तक खोले जाने की संभावना है?

................................

## मुख्यमंत्री की घोषणाओं को पूरा करना

***1546. श्री असीम गोयल नन्यौला, एम.एल.ए.:** क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि अम्बाला शहर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के लिए नवम्बर, 2014 से आज तक मुख्यमंत्री द्वारा शहरी स्थानीय निकाय विभाग के संबंध में की गई घोषणाओं को अब तक पूरा न किए जाने के क्या कारण हैं ?

..................

## संपति पहचान–पत्र में विसंगतियों का निवारण करना

*1534. **श्रीमती किरण चौधरी, एम. एल. ए.:** क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि नगरपालिका, नारनौल द्वारा बनाई गई लगभग प्रत्येक संपत्ति पहचान–पत्र, जैसे मालिक का नाम तथा भूखंड का आकार इत्यादि में विसंगतिया पाई गई थी;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि नगर पालिका, नारनौल में व्यक्तियों को अपनी शिकायतों के निवारण के नाम पर प्रताड़ित किया जा रहा है; तथा

(ग) इस प्रकार की शिकायतों का निवारण कब तक किए जाने की संभावना है?

.....................................

## हॉकी स्टेडियम में नया एस्ट्रोटर्फ लगाना

*1728**. श्री सुधीर सिंगला, एम. एल. ए.** :– क्या खेल एवं युवा मामले राज्य मन्त्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि हॉकी के लिए गुरूग्राम के नेहरू स्टेडियम में लगायी गई एस्ट्रोटर्फ बुरी अवस्था में है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त स्टेडियम में नया एस्ट्रोटर्फ कब तक लगाए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

.................................

## बूचड़खाने का निर्माण करना

*1774. **श्री प्रमोद कुमार विज, एम. एल. ए.:** क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या नगर निगम पानीपत के क्षेत्र में बूचड़खाने का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) पानीपत शहर में मीट/मांस के व्यापार के लिए सरकार द्वारा क्या प्रबंध किए गए?

....................................

## स्टेडियम का निर्माण करना

*1703. **श्री जगदीश नायर, एम. एल. ए.** :– क्या खेल एवं युवा मामले राज्य मन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि होडल विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव गढ़ी में स्टेडियम का निर्माण करने के लिए सरकार द्वारा अनुदान जारी किया गया है; यदि हां, तो उपरोक्त स्टेडियम के निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किये जाने की संभावना है?

................................

## बिजली घर स्थापित करना

*1787. **श्री मोहन लाल बडोली, एम. एल. ए.**ः– क्या बिजली मन्त्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या राई विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव खुर्मपुर, बाहरा, बकीपुर, मनोली, दहीसरा, गढ़ मिरकपुर, जाजल और पालड़ी–पालड़ा में बिजली घरों के स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त बिजली घरों के कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

.................................

## मूल निवास प्रमाण–पत्र के लिए शर्ते

*1805. **श्री वरूण चौधरी, एम. एल. ए.** ः– क्या मुख्यमन्त्री कृपया बताएंगे कि सरकार द्वारा हरियाणा में रहने वालों के लिए मूल निवास प्रमाण–पत्र की शर्त पन्द्रह वर्ष से घटाकर पांच वर्ष करने के क्या कारण हैं?

.................................

## लौह अयस्क की अवैध खनन

*1635. **डा० अभय सिंह यादव, एम. एल. ए.** :– क्या खनन एवं भू–विज्ञान मन्त्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि नांगल चौधरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में जैनपुर तथा अन्तरी पहाड़ियों में बहुमूल्य लौह अयस्क की कितनी मात्रा का दायित्व अब तक लिया गया है;

(ख) उपरोक्त अवैध खनन का दायित्व कब से लिया जा रहा है;

(ग) सरकार द्वारा विशेष जिला स्तरीय समिति गठित करने के बावजूद की अवैध खनन को न रोक पाने के कारण क्या हैं; तथा

(घ) राज्य के इन बहुमूल्य संसाधनों की लूट की रोकथाम के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए ?

..............................

## अवैध खनन रोकना

*1686. **श्रीमती रेनु बाला, एम. एल. ए.** :– क्या खनन एवं भू–विज्ञान मन्त्री कृपया बताएंगे कि जिला यमुनानगर में सरकार द्वारा अवैध खनन का संचालन बंद नहीं किये जाने के कारण क्या है तथा उपरोक्त क्षेत्र में अवैध खनन की जांच के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए ?

..............................

## सब्जी मण्डी का निर्माण कार्य आरम्भ करना

*1504. **श्री लीला राम, एम. एल. ए.:** क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि कैथल में नई सब्जी मण्डी के लिए भूमि उपलब्ध है; यदि हां, तो उक्त भूमि पर नई सब्जी मण्डी का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है ?

.....................................

## ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्र स्थापित करना

*1779. **श्री सुभाष सुधा, एम. एल. ए.:** क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या थानेसर में डोर टू डोर एकत्रित कचरा गिराने के लिए नगर परिषद्, थानेसर का अपना कोई स्थान है; यदि नहीं, तो कचरा गिराने के लिए नगर परिषद, थानेसर द्वारा क्या प्रबंध किए गए हैं; तथा

(ख) नगर परिषद्, थानेसर में ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्र के कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है तथा उसका स्थान  क्या है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

.....................................

## एक आई०टी०आई० खोलना

*1619. **श्री रामकुमार कश्यप, एम. एल. ए.** :– क्या कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मन्त्री कृपया बताएंगे कि इन्द्री विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में एक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक खोले जाने की संभावना है ?

..................................

## बन्द सीवरेज प्रणाली की समस्या का समाधान करना

*1629. **श्री घनश्याम सर्राफ, एम. एल. ए.** :– क्या मुख्यमन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि भिवानी शहर में हालुवास गेट से धानी मेहताब दास तक सीवरेज प्रणाली बन्द है; यदि हां, तो क्या उक्त समस्या का समाधान करने के लिए कोई योजना सरकार के विचाराधीन है?

..................................

## नई माइनरों का निर्माण करना

*1528. **श्री अमरजीत ढांढा, एम. एल. ए.:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या जुलाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में दो नई माइनरों कारेला–मालवी माइनर तथा बिरोली माइनर का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त माइनरों के कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

....................................

## स्व वित्त सीटों को सरकारी सहायता प्राप्त सीटों में बदलना

***1834. श्रीमती नैना सिंह चौटाला, एम.एल.ए.:–** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या बाढ़डा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में राजकीय महाविद्यालय झोझु कलां में विज्ञान संकाय की स्व वित्त सीटों को सरकारी सहायता प्राप्त सीटों में परिवर्तित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

....................................

**चण्डीगढ़:**
**13 मार्च, 2022.**

**राजेन्द्र कुमार नांदल,**
**सचिव,**
**हरियाणा विधान सभा।**